**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1267**

**दिनांक 06 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**कैंसर के मामलों में वृद्धि**

**†1267. श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डाः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वर्ष 2014 से देशभर में कैंसर के मामलों में वृद्धि देखी है और यदि हाँ, तो कैंसर के प्रकारवार और राज्यवार तत्संबंधी आंकड़ों का ब्यौरा क्या है;
(ख) वर्ष 2014 से प्रतिवर्ष दर्ज की गई कैंसर से संबंधित मौतों की संख्या कितनी है;
(ग) क्या किसी अध्ययन या विशेषज्ञ समितियों ने देश में कैंसर के मामलों में वृद्धि के लिए उत्तरदायी विशिष्ट कारणों
या उत्पादों की पहचान की है और यदि हाँ, तो सरकार द्वारा प्रतिबंधित या विनियमित की गई वस्तुओं या पदार्थों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) कैंसर की स्क्रीनिंग, शीघ्र पता लगाना और उपचार के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने का प्रस्ताव है, जिसमें क्षेत्रीय कैंसर केंद्रों की स्थापना और कैंसर रोग विशेषज्ञों की उपलब्धता शामिल है; और
(ङ) वर्ष 2014-15 से आज तक कैंसर की रोकथाम, निदान और उपचार के लिए बजट आवंटन और व्यय का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख) भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम (एनसीआरपी) के अनुसार, वर्ष 2014 से देश में सभी प्रकार के कैंसर के मामलों की अनुमानित संख्या राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र-वार **अनुलग्नक-I** में दी गई है। वर्ष 2014 से देश में कैंसर से होने वाली मृत्यु की अनुमानित संख्या **अनुलग्नक-II** में दी गई है।

(ग) आईसीएमआर ने सूचित किया है कि कैंसर के मामलों में वृद्धि के कारण कैंसर का पता लगाने के लिए उन्नत निदान तकनीकों की उपलब्धता, जीवन प्रत्याशा में वृद्धि, वृद्धजनों की बढ़ती संख्या, स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता और बेहतर स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार हैं। इसके अलावा, कैंसर सहित गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) से जुड़े पारंपरिक जोखिम कारकों जैसे तंबाकू और शराब का सेवन, अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि, अस्वास्थ्यकर आहार, अधिक नमक, चीनी और संतृप्त वसा का सेवन आदि में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

(घ) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के अंतर्गत राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह कार्यक्रम कैंसर सहित गैर-संचारी रोगों के लिए बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने, मानव संसाधन विकास, स्क्रीनिंग, शीघ्र निदान, रेफरल, उपचार और स्वास्थ्य संवर्धन पर केंद्रित है।

राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के अंतर्गत 770 जिला एनसीडी क्लीनिक, 364 जिला डे केयर कैंसर केंद्र (डीसीसीसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 6,410 एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, जिला अस्पताल स्तर पर कैंसर परिचर्या की सुलभता सुनिश्चित करने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 297 जिला डे केयर कैंसर केंद्रों (डीसीसीसी) को मंजूरी दी गई है।

सामान्य गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम, नियंत्रण और स्क्रीनिंग के लिए एक जनसंख्या-आधारित पहल पूरे देश में शुरू की गई है, जिसमें तीन सामान्य कैंसर भी शामिल हैं। इस पहल के तहत, 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को कैंसर सहित सामान्य एनसीडी की स्क्रीनिंग के लिए लक्षित किया गया है।

इसके अलावा, उन्नत कैंसर परिचर्या प्रदान करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में 19 राज्य कैंसर संस्थान (एससीआई) और 20 विशिष्ट कैंसर परिचर्या केंद्र (टीसीसीसी) स्थापित किए गए हैं। साथ ही, सभी 22 नए एम्स में निदान, चिकित्सा और शल्य चिकित्सा सुविधाओं के साथ कैंसर उपचार सुविधा केंद्रों को मंजूरी दी गई है।

(ङ) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत गैर-संचारी रोगों के कार्यक्रम (एनसीडी) के लिए लचीले पूल के तहत राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के तहत वित्त वर्ष 2015-16 से 2024-25 की अवधि के दौरान किए गए व्यय का विवरण अनुलग्नक-III में संलग्न है।

**दिनांक 06.02.26 को उत्तर दिए जाने हेतु, लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1267 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**अनुलग्नक-I**

## भारत में कैंसर के मामलों की अनुमानित व्यापता (सभी स्थल – महिला-पुरुष दोनों) राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार: 2014 से 2024

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जम्मू और कश्मीर | 14115 | 14864 | 15652 | 16480 | 17351 | 12396 | 12726 | 13060 | 13395 | 13744 | 14112 |
| लद्दाख | - | - | - | - | - | 279 | 286 | 294 | 302 | 309 | 318 |
| हिमाचल प्रदेश | 7425 | 7722 | 8029 | 8348 | 8679 | 8589 | 8799 | 8978 | 9164 | 9373 | 9566 |
| पंजाब | 30025 | 31214 | 32474 | 33781 | 35137 | 37744 | 38636 | 39521 | 40435 | 41337 | 42288 |
| चंडीगढ़ | 1162 | 1217 | 1274 | 1335 | 1398 | 994 | 1024 | 1053 | 1088 | 1120 | 1152 |
| उत्तराखंड | 11240 | 11796 | 12381 | 12995 | 13640 | 11216 | 11482 | 11779 | 12065 | 12348 | 12642 |
| हरियाणा | 27933 | 29240 | 30611 | 32049 | 33558 | 28453 | 29219 | 30015 | 30851 | 31679 | 32513 |
| दिल्ली | 18356 | 19168 | 20015 | 20899 | 21821 | 24436 | 25178 | 25969 | 26735 | 27561 | 28387 |
| राजस्थान | 75642 | 79160 | 82836 | 86675 | 90686 | 69156 | 70987 | 72825 | 74725 | 76655 | 78604 |
| उत्तर प्रदेश | 222615 | 233659 | 245231 | 257353 | 270053 | 196652 | 201319 | 206088 | 210958 | 215931 | 221000 |
| बिहार | 117603 | 123949 | 130628 | 137656 | 145051 | 101014 | 103711 | 106435 | 109274 | 112180 | 115123 |
| सिक्किम | 463 | 473 | 479 | 485 | 490 | 443 | 445 | 465 | 496 | 525 | 561 |
| अरुणाचल प्रदेश | 1231 | 1252 | 1272 | 1292 | 1313 | 1015 | 1035 | 1064 | 1087 | 1125 | 1143 |
| नागालैंड | 1288 | 1294 | 1300 | 1309 | 1318 | 1719 | 1768 | 1805 | 1854 | 1890 | 1935 |
| मणिपुर | 2836 | 2916 | 2998 | 3082 | 3168 | 1844 | 1899 | 2022 | 2097 | 2169 | 2250 |
| मिजोरम | 1585 | 1618 | 1652 | 1687 | 1723 | 1783 | 1837 | 1919 | 1985 | 2063 | 2114 |
| त्रिपुरा | 2139 | 2169 | 2199 | 2229 | 2260 | 2507 | 2574 | 2623 | 2715 | 2790 | 2871 |
| मेघालय | 3184 | 3246 | 3311 | 3376 | 3442 | 2808 | 2879 | 2943 | 3025 | 3099 | 3168 |
| असम | 31124 | 31474 | 31825 | 32177 | 32530 | 36948 | 37880 | 38834 | 39787 | 40721 | 41713 |
| पश्चिम बंगाल | 99339 | 103532 | 107906 | 112466 | 117220 | 105814 | 108394 | 110972 | 113581 | 116230 | 118910 |
| झारखंड | 37031 | 38947 | 40959 | 43071 | 45289 | 33045 | 33961 | 34910 | 35860 | 36840 | 37824 |
| ओडिशा | 45736 | 47666 | 49674 | 51763 | 53936 | 49604 | 50692 | 51829 | 52960 | 54136 | 55335 |
| छत्तीसगढ़ | 28738 | 30239 | 31817 | 33477 | 35223 | 27113 | 27828 | 28529 | 29253 | 30014 | 30763 |
| मध्य प्रदेश | 81034 | 85078 | 89315 | 93754 | 98403 | 75911 | 77888 | 79871 | 81901 | 84029 | 86124 |
| गुजरात | 66952 | 70171 | 73551 | 77097 | 80820 | 67841 | 69660 | 71507 | 73382 | 75290 | 77205 |
| दमन और दीव | 339 | 385 | 440 | 504 | 579 | 118 | 124 | 135 | 150 | 161 | 173 |
| दादरा और नगर हवेली | 421 | 457 | 497 | 542 | 591 | 186 | 206 | 219 | 238 | 252 | 268 |
| महाराष्ट्र | 122256 | 127390 | 132726 | 138271 | 144032 | 113374 | 116121 | 118906 | 121717 | 124584 | 127512 |
| तेलंगाना | 38494 | 40177 | 41939 | 43784 | 45713 | 46464 | 47620 | 48775 | 49983 | 51145 | 52334 |
| आंध्र प्रदेश | 53570 | 55776 | 58072 | 60475 | 62978 | 68883 | 70424 | 71970 | 73536 | 75086 | 76708 |
| कर्नाटक | 67237 | 70302 | 73511 | 76867 | 80381 | 83824 | 85968 | 88126 | 90349 | 92560 | 94832 |
| गोवा | 1587 | 1655 | 1726 | 1801 | 1881 | 1591 | 1618 | 1652 | 1700 | 1735 | 1783 |
| लक्षद्वीप | 77 | 82 | 89 | 96 | 104 | 27 | 27 | 28 | 28 | 31 | 32 |
| केरल | 37550 | 39672 | 42004 | 44566 | 47382 | 56148 | 57155 | 58139 | 59143 | 60162 | 61175 |
| तमिलनाडु | 76091 | 78512 | 80999 | 83554 | 86180 | 86596 | 88866 | 91184 | 93536 | 95944 | 98386 |
| पुदुच्चेरी | 1428 | 1510 | 1596 | 1687 | 1783 | 1523 | 1577 | 1623 | 1679 | 1753 | 1823 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 402 | 415 | 429 | 443 | 458 | 357 | 366 | 380 | 393 | 401 | 408 |

**दिनांक 06.02.26 को उत्तर दिए जाने हेतु, लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1267 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

अनुलग्नक-II

| भारत में विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कैंसर के मामलों की अनुमानित मृत्यु दर - सभी स्थल (2014-2023) – महिला-पुरुष दोनों के लिए | |
|---|---|
| वर्ष | कैंसर के मामलों की अनुमानित मृत्यु संख्या |
| **2014** | 6,62,592 |
| **2015** | 6,79,776 |
| **2016** | 6,97,255 |
| **2017** | 7,15,010 |
| **2018** | 7,33,139 |
| **2019** | 7,51,517 |
| **2020** | 7,70,230 |
| **2021** | 7,89,202 |
| **2022** | 8,08,558 |
| **2023** | 8,28,252 |

**दिनांक 06.02.26 को उत्तर दिए जाने हेतु, लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1267 के भाग (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

अनुलग्नक-**III**

| **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत गैर-संचारी रोग कार्यक्रम (एनपीएनसीडी) के लिए लचीले कोष के तहत राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) पर वित्त वर्ष 2015-16 से 2024-25 की अवधि के दौरान किए गए व्यय का विवरण।** | |
|---|---|
| | **(लाख रुपए में)** |
| वित्त वर्ष | व्यय |
| 2015-16 | 15356.91 |
| 2016-17 | 19928.78 |
| 2017-18 | 10964.48 |
| 2018-19 | 12410.9 |
| 2019-20 | 13472.92 |
| 2020-21 | 12973.52 |
| 2021-22 | 41349.17 |
| 2022-23 | 47354.57 |
| 2023-24 | 48720.78 |
| 2024-25 | 64471.31 |

*****